कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना।

पत्रांक 1741 अउ0 दिनांक 28/8/17

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, पटना ।

सेवा में,

श्री कमलेश सिंह,
विशेष कार्य पदाधिकारी-सह
प्रभारी, जन शिकायत पदाधिकारी ।

विषय :- पटना जिलान्तर्गत श्री सिनोद गिरी, ग्राम-वैकठपुर, पोस्ट+थाना+प्रखंड-खुसरूपुर, जिला-पटना द्वारा प्राप्त अभ्यावेदन- पथ निर्माण के संबंध में ।

प्रसंग :- मुख्यमंत्री सचिवालय का संदर्भ सं.-00012-0206170027

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगाधिन पत्र के आलोक में दिनांक-28.08.2017 को कनीय अभियंता एवम् सहायक अभियंता द्वारा स्थल जाँचापरांत यह पाया गया कि :-

(1) वैकठपुर मंदिर से सुकर वेगचक गाँव तक भाया वैकठपुर हरिजन टोली, पचरूखिया, छोटी नावादा होते हुए Four Lane Cross कर सड़क सुकर वगेचक तक जाता है जो पूर्व से निर्मित है जिसमें कुछ भाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा निर्मित है तथा कुछ अन्य योजना द्वारा निर्मित है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं तथा हरिजन टोला वैकठपुर में जल निकासी नहीं रहने के कारण सड़क में गड्ढ़ा हो गया है वहाँ पर नाली का पानी जमा होता है ।

(2) एन.एच.-30 से वैकठपुर लाला टोली एवम् यादव टोली होते हुए प्रखंड खुसरूपुर तक सड़क जाती है, जिसमें कुछ भाग प्रखंड द्वारा पी.सी.सी. सड़क तथा कुछ भाग कच्ची सड़क है जिसकी लम्बाई-1100 मीटर है । सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जल निकासी के लिए नाला निर्माण नहीं रहनें के कारण सड़क पर पानी का जल जमाव रहता है ।

(3) हरिदास विगहा (एन.एच.-30) से हरिदासपुर रेलवे स्टेशन तक सड़क - उक्त सड़क का निर्माण आर.ई.ओ. द्वारा विगत 10 वर्षो पूर्व कराया गया था, जिसका ग्रामीण भाग 300 मीटर में पी.सी.सी. सड़क तथा 800 मीटर में कालीकरण किया हुआ है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ।

सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु समर्पित ।

विश्वासभाजन

28.8.17

कार्यपालक अभियंता

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना ।